भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3568
दिनांक 24.07.2019/2 श्रावण, 1941 (शक) को उत्तर के लिए

अर्धसैनिक बलों का विस्तार

3568. श्री ए॰ के॰ सेल्वाराजः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि भारत विश्व में अर्धसैनिक बलों का सबसे तेज विस्तार करने वालों में से एक है;
(ख) क्या यह भी सच है कि भारत की अर्धसैनिक शक्ति लगभग एक मिलियन से अधिक मानी जाती है, जो देश की कुल सशस्त्र बलों के लगभग 50 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करता है; और
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानंद राय)

(क) से (ग): केन्द्र सरकार द्वारा समय-समय पर प्रशासनिक और ऑपरेशनल आवश्यकताओं के अनुरूप केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) की जन शक्ति में वृद्धि की जाती है। केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और असम राइफल्स की वर्तमान स्वीकृत जन शक्ति 999795 है।

*****